-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **शौर्य चक्र कोबरा कमांडो शहीद श्री विकास कुमार की प्रतिमा का अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा किया गया अनावरण। दिनांक 10.02.2020 को नक्सवादी मुठभेड़ में शहीद हो गये थी श्री विकास कुमार।**

विवरण- आज दिनांक 29.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के लामा में शौर्य चक्र कोबरा कमांडो शहीद श्री विकास कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया गया, इस दौरान कोबरा बटालियन के निरीक्षक तथा अन्य जवान उपस्थित रहे। बता दें कि शहीद श्री विकास कुमार 23.09.2009 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे तथा वे दिनांक 18.07.2014 को 204 कोबरा वाहिनी जगदलपुर, जिला बस्तर (छत्तीसगढ़) के अतिसंवेदनशील नक्सवाद प्रभावित क्षेत्र में तैनात हुए थे। दिनांक 10.02.2020 को ग्राम ईरा पल्ली जनपद बीजापुर में नक्सलवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये। शहीद के अदम्य साहस की स्मृति में मा0 राष्ट्रपति महोदय द्वारा मई 2022 में शहीद के शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा इस दौरान शहीद के परिजनों से वार्ता की गई तथा उन्हे आश्वस्त किया कि बांदा पुलिस परिवार हर समय उनके साथ है।